MP Forest Department

# कार्यालय सामान्य, वन मंडल छतरपुर म.प्र.

जवाहर रोड, छतरपुर (म.प्र.) 471001 ☎ 07682-245316 (O.), 245316 (Fax)
E-mail: dfochhatarpur@mpforest.org

क्रमांक / मा.चि. / 2016 / छतरपुर, दिनांक

प्रति,

अधिशासी अभियंता,
अन्वे.खंड रा.ज.वि.अ.
ए–3, सहयोग परिसर, ई–8,
शाहपुरा मुख्य मार्ग, भोपाल

**विषय :–** केन–बेतवा लिंक परियोजना फेज–1 के वन विभाग से मंजूरी बाबत्।

**संदर्भ :–** आपका पत्र स.राजविअ / अप्रभो / तक–49 / 334–42 दिनांक 20.02.2016 / 01.03.2016

----00----

विषयांकित संदर्भित पत्र से वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अंतर्गत प्राप्त प्रस्ताव के वन मंडल छतरपुर से संबंधित भाग का परीक्षण करने पर निम्न कमियां / त्रुटियां पाए जाने के कारण सुधार / पूर्ति हेतु प्रस्ताव मूलतः संलग्न कर वापस भेजे जा रहे हैं :–

1– प्रस्ताव वोल्यूम–1 में वन मंडल छतरपुर का आवेदित वन क्षेत्र 1710 हे. लेख है जबकि वोल्यूम–2 में दिए आवेदित वन क्षेत्र का वन मंडल छतरपुर का योग इससे कम आता है।

2– वन परिक्षेत्र किशनगढ़ का सम्पूर्ण क्षेत्र पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना के अंतर्गत है, जबकि वोल्यूम–2 में दिए विवरण में उक्त क्षेत्र का 811.40 हे. वन क्षेत्र वन मंडल छतरपुर में दर्शाया गया है जिसे पन्ना टाईगर रिजर्व में आवेदित वन क्षेत्र में जोड़ा जाना था।

3– इसी प्रकार परियोजना के नहर क्षेत्र हेतु आवेदित वन क्षेत्र में 58.02 हे. वन क्षेत्र वन मंडल छतरपुर के स्थान पर पन्ना टाईगर रिजर्व में जोड़ा जाना था।

4– वन मंडल छतरपुर का परियोजना के डूब क्षेत्र हेतु आवेदित 305.6 हे. तथा नहर क्षेत्र हेतु 31.96 हे. वन क्षेत्र वोल्यूम–2 में दिए विवरण अनुसार परिकलित होता है, तदनुसार वन मंडल छतरपुर का आवेदित रकबा सुधार किया जावे।

5– ऑनलाइन प्रविष्टि संबंधी वोल्यूम–1 में वन मंडल छतरपुर का आवेदित रकबा उपरोक्तानुसार सुधार करते हुए पन्ना टाईगर रिजर्व का रकबा भी सुधारा जावे ताकि विसंगति निर्मित न हो।

6– प्रकरण में मात्र बाइंडेड प्रतियां प्रस्तुत की गई हैं। प्रस्ताव में भाग–2 संबंधी पूर्तिकर संलग्न करने हेतु कोई विकल्प नहीं है। अतः चेकलिस्ट अनुसार भाग–2 संबंधी फाइल 6 प्रतियों में आवेदन प्रस्ताव के साथ प्रस्तुत की जावें।

कृपया उल्लेखित बिंदुओं के अनुसार प्रस्ताव में आवश्यक सुधार कर संशोधित प्रस्ताव 6 प्रतियों में इस कार्यालय में जमा कराने का कष्ट करें ताकि प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

**संलग्न :–** उपरोक्तानुसार।

वन संरक्षक
सा. वन मण्डल छतरपुर म0प्र0

पृ.क्रमांक / मा.चि. / 2016 / 774 छतरपुर, दिनांक 29/03/16

प्रतिलिपि :– मुख्य वन संरक्षक, छतरपुर वृत्त, छतरपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

वन संरक्षक
सा. वन मण्डल छतरपुर म0प्र0

Received 29/3/16
H.K. Pandey
AE NWDA
Bhopal